813. 'जाहिरपीर' के नाम से कौन से लोक देवता को जाना जाता है-

(a) हड़बू जी (b) देवनारायण जी
(c) रामदेव जी (d) गोगाजी

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

814. 'शक्कर पीर बाबा' के नाम से प्रसिद्ध हजरत हाजिब शक्कर बादशाह की दरगाह स्थित है

(a) नागौर (b) नरहड
(c) गलियाकोटा (d) सरवाड़

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (b) : 'शक्कर पीर बाबा' के नाम से प्रसिद्ध हजरत हाजिब शक्कर बादशाह की दरगाह, राजस्थान के झुंझुनू जिले के नरहड़ में स्थित है। नरहड़ एक प्राचीन स्थान है। यहाँ प्रतिवर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मेला लगता है।

815. पंजाब शाह का उर्स कहाँ मनाया जाता है?

(a) अलवर (b) हनुमानगढ़
(c) अजमेर (d) गंगानगर

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : प्रसिद्ध मुस्लिम फकीर संत 'पंजाब शाह' का उर्स प्रतिवर्ष अजमेर जिले के 'अढ़ाई दिन झोपड़ा मस्जिद में लगता है। यह उर्स अढ़ाई दिन का लगता है। जिसके कारण यह मस्जिद अढ़ाई दिन का झोपड़ा कहलाता है। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर में है।

816. सूफी संत मिट्ठे शाह की दरगाह निम्न में से किस दुर्ग में स्थित है?

(a) कुंभलगढ़ (b) चित्तौड़गढ
(c) गागरोन (d) नाहरगढ़

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (c) : सूफी संत मिट्ठे शाह की दरगाह गागरोन दुर्ग में स्थित है। गागरोन दुर्ग राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित है। गागरोन दुर्ग को यूनेस्कों ने विश्व विरासत स्थल घोषित किया हैं। इस दुर्ग का निर्माण 7 वीं सदी में प्रारम्भ हुआ जो 14वीं सदी में पूर्ण हुआ इस किले में मिट्ठे शाह की दरगाह तथा मधुसूदन और हनुमानजी का मन्दिर भी है।

817. लकड़ी के बने देव विमान जिनकी देव झुलनी एकादशी पर झाँकी निकाली जाती है, कहलाते हैं-

(a) बाजोट (b) बेवाण
(c) खांडे (d) चौपड़े

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (b) : कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देव उठनी एकादशी, देवोत्थान एकादशी, देवउठनी ग्यारस, प्रबोधिनी एकादशी आदि नामों से जाना जाता है। इस दिन श्रीहरि विष्णु निद्रा से जागते हैं। लकड़ी के बने देव विमान, जिनकी देव झुलनी एकादशी पर झाँकी निकाली जाती है जिसे बेवाण कहते हैं।

818. राजा अजमल किस लोक देवता के पिता थे?

(a) रामदेवजी (b) पाबूजी
(c) देवनारायणजी (d) तेजाजी

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (a) : 15वीं शताब्दी के प्रसिद्ध राजस्थानी लोक देवता रामदेव का जन्म 1409ई. में हुआ था। इनके पिता राजा अजमल रुणिचा के तोमर वंशी शासक थे। रामदेव की समाधि स्थल रामदेवरा (जैसलमेर) में बहुत बड़ा मेला लगता है। इनकी पूजा पूरे राजस्थान में ही नहीं बल्कि गुजरात में भी की जाती है।

819. सूची -I को सूची - II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये -

सूची -I	सूची -II
A. शेख हमीदुद्दीन मिट्ठे महाबली	1. जयपुर
B. मौलाना जियाउद्दीन	2. गागरौन
C. शेख नजमुद्दीन	3. खाटू
D. शेख बाबा इस्हाक	4. फतेहपुर

	A	B	C	D
(a)	2	1	4	3
(b)	1	2	3	4
(c)	3	2\	1	4
(d)	4	3	2	1

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (a) – सही सुमेलन इस प्रकार है-

	सूची-I		सूची-II
(i)	शेख हमीदुद्दीन मिट्ठे महाबली-		गागरौन
(ii)	मौलाना जियाउद्दीन	-	जयपुर
(iii)	शेख नजमुद्दीन	-	फतेहपुर
(iv)	शेख बाबा इस्हाक	-	खाटू

820. सुमेलित कीजिएः

लोक देवता	मुख्य तीर्थस्थल
i. तल्लीनाथ	A. पाँचोटा गाँव (जालौर)
ii. तेजाजी	B. परबतसर (नागौर)
iii. देवनारायणजी	C. कोलू गाँव (फलौदी)
iv. पाबूजी	D. आसींद (भीलवाड़ा)

कूटः

	i	ii	iii	iv
(1)	A	B	C	D
(2)	B	A	D	C
(3)	C	D	A	B
(4)	A	B	D	C

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (d) : सही सुमेलन है।

लोक देवता	-	मुख्य तीर्थ स्थल
तल्लीनाथ	-	पाँचोटा गाँव (जालौर)
तेजाजी	-	परबतसर (नागौर)
देवनारायणजी	-	आसींद (भीलवाड़ा)
पाबू जी	-	कोलू गाँव (फलौदी)

821. शिक्षा संत के रूप में प्रसिद्ध स्वामी केशवानन्द का जन्म कहाँ हुआ था?

(a) मंगलूणा गाँव (b) रामपुरा बेरी
(c) बाणासुर गाँव (d) हरनावा गाँव

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (a) : शिक्षा संत के रूप में प्रसिद्ध स्वामी केशवानन्द का जन्म सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ तहसील के मंगलूणा गाँव में दिसम्बर, 1883ई. में हुआ था। इनके बचपन का नाम बीरमा था। महात्मा हीरानंदजी अवधूत ने बीरमा को स्वामी केशवानन्द की उपाधि प्रदान की। स्वामी केशवानद ने अनेक स्कूल, पुस्तकालय, छात्रावास, समाज सेवा केन्द्र, संग्रहालय के संस्थापक थे।